दैनिक जागरण 21-02-2025

जीएमएन कॉलेज में कराई बैडमिंटन प्रतियोगिता, अंकित सैनी रहा प्रथम

अम्बाला | जीएमएन कॉलेज शारीरिक शिक्षा विभाग ने ऑडिटोरियम हॉल में पुरुष स्टाफ सदस्यों (नॉन टीचिंग) के लिए बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन किया। सभी पुरुष स्टाफ सदस्यों ने इस खेल गतिविधि में भाग लिया। पुरुष वर्ग में अंकित सैनी ने पहला, विक्रम सिंह सैनी ने दूसरा, तरणवीर सिंह ने तीसरा व संजीव कश्यप ने चौथा स्थान हासिल किया। शारीरिक शिक्षा विभाग के अध्यक्ष प्रो. बृजेश कुमार ने सभी खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। प्रिंसिपल डॉ. रोहित दत्त ने विजेता खिलाड़ियों को बधाई दी।